|| कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा भजन ||

Chalisamantras.com

कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा,
वचन गीता वाला निभाना पड़ेगा ।

गोकुल में आया मथुरा में आ,
छवि प्यारी प्यारी कहीं तो दिखा,
अरे साँवरे देख आ के ज़रा,
सूनी सूनी पड़ी है तेरी द्वारिका,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ।

जमुना के पानी में हलचल नहीं,
मधुबन में पहला सा जलथल नहीं,
वही कुंज गलियाँ वही गोपियाँ,
छनकती मगर कोई गागर नहीं,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ।

कोई तेरी गैयाँ का वाली नहीं,
अमानत यह तेरी संभाली नहीं,
कई कंस भारत मे पैदा हुए,
कपट से कोई घर भी खाली नहीं,
कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा ।

कन्हैया कन्हैया तुझे आना पड़ेगा,
वचन गीता वाला निभाना पड़ेगा ।

Chalisamantras.com